आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 26.11.2025 समय : 09:00 00000

- संविधान दिवस आज–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में नई दिल्ली में राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जायेगा।
- राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 4 करोड़ 37 लाख गणना फोर्म ईसीआई नेट पर अपलोड–उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ढाई हजार बीएलओ सम्मानित।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे दिन आज 12 मेडल इवेंट्स–सबसे ज्यादा सात पदक तैराकी के लिये होंगे।
- प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव के आसार–जोधपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना।

00000

आज संविधान दिवस है। 1949 में आज ही के दिन देश का संविधान अंगीकृत किया गया था। इस दिन देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। नई दिल्ली में आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में संविधान दिवस समारोह मनाया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दोनो सदनों के सांसद इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना पढी जाएंगी। इस अवसर पर एक स्मारक पुस्तिका भी जारी की जाएगी। प्रदेश में भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम हो रहे है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज अजमेर में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में होने वाले समारोह में शिरकत करेंगे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जयपुर में अल्बर्ट हॉल पर संविधान जन जागरण रैली निकाली जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव शर्मा ने कहा कि संविधान हमे अनेक अधिकार देता है किन्तु हमे अपने कर्तव्यों को भी याद रखना चाहिये।

.....

0000

आज राष्ट्रीय दुग्ध दिवस है। ये दिन डेयरी उद्योग और पशुपालकों की प्रगति को समर्पित है। डेयरी और पशुपालन मंत्री राजीव रंजन आज नई दिल्ली में दुग्ध दिवस के मौके पर राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस दौरान, पशुधन और डेयरी क्षेत्र को मज़बूत करने के लिए कई पहल भी शुरू की जायेगी। इधर प्रदेश में भी राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कोटपूतली–बहरोड़ में सरदार पटेल कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन की ओर से हो रहे कार्यक्रम में दूध उत्पादक और सहकारी संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

0000

सरदार /150 जयंती के उपलक्ष्य में निकाले जा रहे यूनिटी मार्च में आज जयपुर में यमुना प्रवाह **पदयात्रा** रवाना की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इस यूनिटी मार्च को अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये मार्च जयपुर से पुष्कर जोधपुर पाली माउंटआबू होते हुए गुजरात प्रवेश करेगी और केवडिया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में समाप्त होगी। इसके जरिये राष्ट्रीय एकता अखण्डता और सरदार पटेल के योगदान को जन जन तक पंहुचाया जायेगा।

0000

राज्य में एसआईआर प्रकिया के तहत 4 करोड़ 37 लाख गणना फोर्म इसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इसके लिए बीएलओ की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 4 हजार 300 बूथों पर बीएलओ ने 100 फीसदी काम पूरा किया है। ऐसे करीब ढाई हजार बीएलओ को सम्मानित किया जा चुका है। श्री महाजन ने कहा कि भौगोलिक विविधता वाले प्रदेश राजस्थान में पहाडी, मैदानी और नहरी और दुर्गम क्षेत्रों के बावजूद बीएलओ का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। शत प्रतिशत काम पूरा करने वाले जिलो में बाडमेर अव्वल है। जिले में अब तक 434 पोलिंग बूथों पर 100 फीसदी काम पूरा किया जा चुका है।

0000

केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में किये गये श्रम सुधारों को आत्मनिर्भर भारत के लिए बडा कदम माना जा रहा है। नई व्यवस्था श्रमिकों और कारोबार दोनो के लिए लाभकारी है। इस कदम से कामगारों की सुरक्षा और उनके हक को मजबूत किया गया है। बीकानेर के पंकज आचार्य का कहना हैं कि इससे श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षा मिलेगी और उद्योगों के लिए बेहतर माहौल बन सकेगा।

.....

0000

प्रदेश में चल रहे **खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स** के तीसरे दिन आज कई खेलों के मुकाबले हो रहे है। आज के कुल 12 मैडल इवेंट्स में से सबसे ज्यादा 7 मेडल तैराकी के लिए होंगे। केआईयूजी 2025 का पांचवां संस्करण राजस्थान के सात शहरों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें 4,448 एथलीट 23 मेडल स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। ये गेम्स स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की देखरेख में राजस्थान सरकार और स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं।

....

0000

देश के पहले इंटरस्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से तीन बाघिने हाडोती लाई जानी है। पहले चरण में एक बाघिन हेलीकॉप्टर से लाई जायेगी।

....

0000

राज्य में नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल से मौसम बदलने के आसार है। 27 और 28 नवम्बर को प्रदेश के कुछ भागों में बादल छाये रहने और गरज के साथ हल्की बारिश तथा बूंदाबांदी की संभावना है। इस बीच तापमान में उतार चढाव का दौर बना हुआ है। बीते 24 घंटों में 9 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। वहीं साढे छः डिग्री सेल्सियस के साथ सीकर की रात सबसे सर्द रही। सीकर के अलावा चूरू, नागौर, दौसा, करौली, अलवर, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे ही दर्ज किया जा रहा है। राजधानी जयपुर में दिनभर हवायें चली। इससे दिन के तापमान में मामूली गिरावट आई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल जोधपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 28 नवम्बर को इस सिस्टम के असर से अजमेर, जयपुर और आसपास के क्षेत्र में बूंदाबांदी के आसार है।

0000